लाख उद्योग

3270. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में लाख उद्योग की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान लाख और शैल लाख के हुए उत्पादन तथा किए गए निर्यात का ब्यौरा क्या है ;

(ग) लाख के उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से लाख क्षेत्र में किए जा रहे अनुसंधान की स्थिति क्या है ; और

(घ) क्या यह सच है कि इस क्षेत्र में अनुसंधान किये जाने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं करायी जा रही है?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रिय रंजन दास मुंशी) : (क) भारत में लाख उद्योग प्रमुखतः विदेशी बाजारों में उत्पादों के लिए मौसमी लाख उत्पादन तथा अस्थिर मांग पर आधारित है ।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान लाख तथा चमड़ा के उत्पादन तथा निर्यात आंकड़े निम्नोक्त अनुसार है :—

	1984-85	1985-86	1986-87
उत्पादन			
स्टिकलाख	12955	13175	20340
चपड़ा	6480	9090	10175
निर्यात			
मात्रा (एम० टन में)	5145	5623	6966
मूल्य (करोड़ में)	29.73	41.32	25.27

(ग) लाख तथा इसके उत्पादों पर भारतीय लाख संस्थान रांची में अनुसंधान किए जा रहे हैं । जहां तक लाख के उत्पादन का सम्बंध है, चमड़ा निर्यात संवर्धन के पास लाख उपजकर्ताओं को ब्रूड लाख की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए चमड़ा निर्यात संवर्धन परिषद् के पास दो ब्रूड लाख फार्म हैं ।

(घ) भारतीय लाख संस्थान को योजना के तहत 1985–90 तक 177.3 लाख रु० तथा गैर-योजना के तहत 79.00 लाख रु० आवंटित किए गए हैं।

बिहार और बंगाल में कोयला खनन में कार्यरत मजदूरों को राहत

3271. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार बिहार और बंगाल में, जहां ठेकेदारों द्वारा पुलिस की सांठगांठ से खनन किया जाता है, गैर-राष्ट्रीयकृत छोटी छोटी कोयला खानों में कोयले के खनन में कार्यरत मजदूरों को राहत पहुंचाने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : खान सुरक्षा महानिदेशालय (खा० सु० म० नि०) मालिक, एजेंट या प्रबंधक से खनन संक्रिया शुरू करने से पहले खान अधिनियम की धारा 16 के अधीन नोटिस प्राप्त करने के पश्चात खानों का निरीक्षण करता है । यह अनैध खानों की विद्यमानता के बारे में नोटिस आने के बाद भी निरीक्षण करता है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई करता है ।

Robberies in trains

3272. SHRI PRAMOD MOHAJAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what is the number of robberies committed in trains during the last three years, year-wise: